बिहार विधान परिषद्

<u>समापन भाषण</u>

माननीय नेता, सत्तारूढ़ दल

माननीय उप नेताद्वय, सत्तारूढ़ दल

माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल

मंत्रीपरिषद् के माननीय सदस्यगण

विभिन्न दलों के माननीय नेतागण

बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण

बिहार विधान परिषद् के 199 वें सत्र का आज समापन हो रहा है। इस सत्र में कुल पांच बैठकें आयोजित हुईं।

इस सत्र के लिए कुल 175 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 165 प्रश्नों को स्वीकृत किया गया। कुल 62 प्रश्न उत्तरित हुए। वर्तमान सत्र के लंबित प्रश्नों को आगामी सत्र में सदन की मेज पर रखने हेतु सरकार से अनुशंसा करता हूं।

इस सत्र के लिए ध्यानाकर्षण की कुल 43 सूचनाएं प्राप्त हुईं। 27 सूचनाएं सदन के कार्यक्रम पर लाए जाने के लिए स्वीकृत हुईं। 3 सूचना व्यपगत हुई। 24 सूचनाएं उत्तरित हुईं।

शून्यकाल की कुल 30 सूचनाओं के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया जिनमें से 2 सूचनाओं को अस्वीकृत किया गया तथा 28 सूचनाओं को सदन पटल पर लाया गया।

निवेदन की कुल 42 सूचनाएं प्राप्त हुईं। सभी सूचनाएं स्वीकृत हुईं। सभी 42 निवेदनों को सदन की सहमति से निवेदन समिति के सुपुर्द किया गया।

इस सत्र में नेशनल ई-विधान (नेवा) के माध्यम से 66 तारांकित प्रश्नों के ऑनलाईन उत्तर प्राप्त हुए। अल्पसूचित प्रश्नों के 15 उत्तर प्राप्त हुए। 16 ध्यानाकर्षण सूचनाओं के ऑनलाईन उत्तर प्राप्त हुए हैं।

इस सत्र के दौरान माननीय सदस्यों ने अपने संसदीय दायित्वों के निर्वहन करते हुए जनसामान्य की समस्याओं के समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी है। सदन में महत्वपूर्ण विषयों पर वाद-विवाद में सहभागिता के लिए सदन के सभी माननीय सदस्यों को मैं हार्दिक बधाई देता हूं।

इस सत्र में निम्नलिखित विधेयक पारित किए गए –

1. बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2021
2. बिहार निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021
3. बिहार भूमि दाखिल खारिज (संशोधन) विधेयक, 2021
4. बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2021

इस उच्च सदन में आप सबने गरिमा के अनुरूप बिना व्यवधान के राजकीय कार्यों के निष्पादन के साथ-साथ जनहित के मुद्दों पर सार्थक बहस की है। सदन के सभी सदस्यों को इसके लिए मैं हृदय से धन्यवाद देता हूं।

मैं माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्रीद्वय, माननीय मंत्रीगण, माननीय उप नेताद्वय, सत्तारूढ़ दल, माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल एवं माननीय सदस्यों का आभारी हूं कि इन्होंने अपने संसदीय दायित्वों के प्रति गहरी निष्ठा का परिचय दिया। मैं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार एवं छायाकार बंधुओं के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने सदन की कार्यवाही को अपनी रिपोर्टिंग के माध्यम से प्रकाशित और प्रसारित करते हुए जनसाधारण के प्रति हमारे दायित्वों एवं सरोकारों को रखने का काम किया है।

अंत में, मैं बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सचिव एवं परिषद् सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी धन्यवाद देता हूं जिनके अथक परिश्रम एवं सहयोग से मैं अपने संसदीय दायित्वों का सफलतापूर्वक संचालन कर सका हूं।

3 दिसम्बर, 2021

अवधेश नारायण सिंह
कार्यकारी सभापति